
मुख्य चिकित्सा अधीक्षक
जिला महिला चिकित्सालय ललितपुर
शान्ति देहदान चैरिटेबल
(SDC. TRUST, LALITPUR U.P. 284403)


जिला महिला चिकित्सालय-ललितपुर
स्टाफ पोजीशन
रजि.नं. IV-46/2025



रजि.नं. IV-46/2025
https://shantidehdantrust.org/
(SDC. TRUST, LALITPUR U.P. 284403)
सेवाक्षेत्र सम्पूर्ण भारत वर्ष
स्टाफ पोजीशन
प्रसवोत्तर केन्द्र-ललितपुर (उ.प्र.)
स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, ललितपुर
स्त्री एवं प्रसूति विभाग
जिला महिला चि


State Quality Assurance Committee
Central Quality Supervisory Committee
CERTIFICATE
AWARD CERTIFICATE
पुरस्कार पत्र
जिला महिला चिकित्सालय-ललितपुर
स्टाफ पोजीशन
प्रसवोत्तर केन्द्र-ललितपुर (उ.प्र)
स्टाफ पोजीशन
जिला महिला चिकित्सालय-ललितपुर (उ.प्र)
स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, ललितपुर
स्त्री एवं प्रसूति विभाग
मासिक प्रगति रिपोर्ट-2026
रजि.नं. IV-46/2025
अप्प दीपो भव
https://shantidehdantrust.org/
शान्ति देहदान चैरिटेबल ट्रस्ट
(SDC. TRUST, LALITPUR U.P. 284403)
सेवाक्षेत्र सम्पूर्ण भारत वर्ष
Autonomous State Medical College
Photographer
vivo V60e
Devendra Sahu Lalitpur Uttar Pradesh 06/05/2026, 09:25



जिला महिला चिकित्सालय ललितपुर
स्टाफ पोजीशन
स्टाफ पोजीशन
रजि.नं. IV-46/2025
(SDC. TRUST, LALITPUR U.P. 284403)
Counseling Centre. All Govt. Autonomous State Medical College
इस पावन अवसर पर

## शान्ति देहदान चैरिटेबल ट्रस्ट ने सफल प्रसव कराने वाली 10 सदस्यीय टीम को प्रशस्ति-पत्र देकर बढ़ाया मनोबल

# जिला महिला चिकित्सालय की नाइट ड्यूटी टीम सम्मानित

प्रदेश सत्ता | ललितपुर




जिला महिला चिकित्सालय की स्थापना के बाद पहली बार किसी सफल प्रसव के उपलक्ष्य में पूरी चिकित्सकीय टीम को सार्वजनिक रूप से सम्मानित किया गया। शान्ति देहदान चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित कार्यक्रम में जटिल परिस्थितियों में सफल नॉर्मल डिलीवरी कराने वाली 10 सदस्यीय नाइट ड्यूटी टीम को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। ट्रस्ट संस्थापक खुशालचन्द्र साहू ने बताया कि संस्था के सक्रिय सदस्य देवांशु झां की पत्नी नेहा झां के प्रथम प्रसव के दौरान चिकित्सकीय स्थिति काफी जटिल थी। इसके बावजूद 3 जून 2026 को सुबह लगभग 5 बजे जिला महिला चिकित्सालय की टीम ने कुशलता, समर्पण एवं मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए सफल नॉर्मल डिलीवरी कराई, जिससे एक स्वस्थ पुत्र का जन्म हुआ।

वर्तमान में मां और नवजात दोनों पूरी तरह स्वस्थ हैं। ट्रस्ट द्वारा जारी प्रशस्ति-पत्र में पूरी टीम के कार्य को सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा में चिकित्सकीय निपुणता एवं मानवीय संवेदनशीलता का उत्कृष्ट उदाहरण बताया गया। ट्रस्ट पदाधिकारियों ने कहा कि सरकारी अस्पतालों के कर्मचारियों के प्रति अक्सर शिकायतें सामने आती हैं, लेकिन जिला महिला चिकित्सालय की टीम ने अपने उत्कृष्ट कार्य से सकारात्मक उदाहरण प्रस्तुत किया है। सम्मानित की गई टीम में डा.ऐमी जे.आर., स्टाफ नर्स नीतू, टेरेसा, मंजू, उर्मिला, रेशमा, मुन्नी देवी, बेबी, राजेन्द्र कुमार तथा आशा कार्यकर्ता सरिता शामिल रहीं। सभी को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर उनके कार्य की सराहना की गई। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा.गजेन्द्र सिंह एवं प्रधानाचार्य प्रतिनिधि के रूप में सर्जन डा. विशाल जैन विशेष रूप से उपस्थित रहे। नवजात शिशु के आगमन पर नौहर कलां परिवार कपूर सिंह झां ठेकेदार के परिवार में खुशी का माहौल है। परिवार ने बताया कि इस शिशु के जन्म के साथ परिवार की चौथी पीढ़ी का शुभारंभ हुआ है। इस अवसर पर आशा जमुना प्रसाद एवं विजय कुमार झां भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में ट्रस्ट की ओर से काउंसलर वंदना मेहता, गीता मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य धनंजय यादव, वित्तीय पर्यवेक्षक जे.पी. यादव, उपाध्यक्ष अनिल साहू, अधिवक्ता आशीष साहू, अधिवक्ता राजेश शर्मा, मीडिया प्रभारी अमित लखेरा तथा देवेन्द्र साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अंकुर सानू बाबा ने किया। ट्रस्ट के इस सम्मान समारोह को स्वास्थ्य कर्मियों का मनोबल बढ़ाने और उत्कृष्ट सेवाओं को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक सराहनीय पहल माना जा रहा है।

# जिला महिला चिकित्सालय की नाइट ड्यूटी टीम सम्मानित

अयोध्या टाइम्स | ललितपुर




जिला महिला चिकित्सालय की स्थापना के बाद पहली बार किसी सफल प्रसव के उपलक्ष्य में पूरी चिकित्सकीय टीम को सार्वजनिक रूप से सम्मानित किया गया। शान्ति देहदान चौरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित कार्यक्रम में जटिल परिस्थितियों में सफल नॉर्मल डिलीवरी कराने वाली 10 सदस्यीय नाइट ड्यूटी टीम को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। ट्रस्ट संस्थापक खुशालचन्द्र साहू ने बताया कि संस्था के सक्रिय सदस्य देवांशु झां की पत्नी नेहा झां के प्रथम प्रसव के दौरान चिकित्सकीय स्थिति काफी जटिल थी। इसके बावजूद 3 जून 2026 को सुबह लगभग 5 बजे जिला महिला चिकित्सालय की टीम ने कुशलता, समर्पण एवं मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए सफल नॉर्मल डिलीवरी कराई, जिससे एक स्वस्थ पुत्र का जन्म हुआ। वर्तमान में मां और नवजात दोनों पूरी तरह स्वस्थ हैं। ट्रस्ट द्वारा जारी प्रशस्ति-पत्र में पूरी टीम के कार्य को सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा में चिकित्सकीय निपुणता एवं मानवीय संवेदनशीलता का उत्कृष्ट उदाहरण बताया गया। ट्रस्ट पदाधिकारियों ने कहा कि सरकारी अस्पतालों के कर्मचारियों के प्रति अक्सर शिकायतें सामने आती हैं, लेकिन जिला महिला चिकित्सालय की टीम ने अपने उत्कृष्ट कार्य से सकारात्मक उदाहरण प्रस्तुत किया है। सम्मानित की गई टीम में डा.ऐमी जे.आर., स्टाफ नर्स नीतू, टेरेसा, मंजू, उर्मिला, रेशमा, मुन्नी देवी, बेबी, राजेन्द्र कुमार तथा आशा कार्यकर्ता सरिता शामिल रहीं। सभी को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर उनके कार्य की सराहना की गई। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा.गजेन्द्र सिंह एवं प्रधानाचार्य प्रतिनिधि के रूप में सर्जन डा. विशाल जैन उपस्थित रहे। नवजात शिशु के आगमन पर नौहर कलां परिवार कपूर सिंह झां ठेकेदार के परिवार में खुशी का माहौल है। परिवार ने बताया कि इस शिशु के जन्म के साथ परिवार की चौथी पीढ़ी का शुभारंभ हुआ है। इस अवसर पर आशा जमुना प्रसाद एवं विजय कुमार झां भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में ट्रस्ट की ओर से काउंसलर वंदना मेहता, गीता मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य धनंजय यादव, वित्तीय पर्यवेक्षक जे.पी. यादव, उपाध्यक्ष अनिल साहू, अधिवक्ता आशीष साहू, अधिवक्ता राजेश शर्मा, मीडिया प्रभारी अमित लखेरा तथा देवेन्द्र साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अंकुर सानू बाबा ने किया।

# जिला महिला चिकित्सालय की नाइट ड्यूटी टीम सम्मानित

## शान्ति देहदान चैरिटेबल ट्रस्ट ने सफल प्रसव कराने वाली 10 सदस्यीय टीम को प्रशस्ति-पत्र देकर बढ़ाया मनोबल

जनहित दर्शन | ललितपुर




जिला महिला चिकित्सालय की स्थापना के बाद पहली बार किसी सफल प्रसव के उपलक्ष्य में पूरी चिकित्सकीय टीम को सार्वजनिक रूप से सम्मानित किया गया। शान्ति देहदान चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित कार्यक्रम में जटिल परिस्थितियों में सफल नॉर्मल डिलीवरी कराने वाली 10 सदस्यीय नाइट ड्यूटी टीम को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। ट्रस्ट संस्थापक खुशालचन्द्र साहू ने बताया कि संस्था के सक्रिय सदस्य देवांशु झां की पत्नी नेहा झां के प्रथम प्रसव के दौरान चिकित्सकीय स्थिति काफी जटिल थी। इसके बावजूद 3 जून 2026 को सुबह लगभग 5 बजे जिला महिला चिकित्सालय की टीम ने कुशलता, समर्पण एवं मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए सफल नॉर्मल डिलीवरी कराई, जिससे एक स्वस्थ पुत्र का जन्म हुआ।

वर्तमान में मां और नवजात दोनों पूरी तरह स्वस्थ हैं। ट्रस्ट द्वारा जारी प्रशस्ति-पत्र में पूरी टीम के कार्य को सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा में चिकित्सकीय निपुणता एवं मानवीय संवेदनशीलता का उत्कृष्ट उदाहरण बताया गया। ट्रस्ट पदाधिकारियों ने कहा कि सरकारी अस्पतालों के कर्मचारियों के प्रति अक्सर शिकायतें सामने आती हैं, लेकिन जिला महिला चिकित्सालय की टीम ने अपने उत्कृष्ट कार्य से सकारात्मक उदाहरण प्रस्तुत किया है। सम्मानित की गई टीम में डा.ऐमी जे.आर., स्टाफ नर्स नीतू, टेरेसा, मंजू, उर्मिला, रेशमा, मुन्नी देवी, बेबी, राजेन्द्र कुमार तथा आशा कार्यकर्ता सरिता शामिल रहीं। सभी को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर उनके कार्य की सराहना की गई। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा.गजेन्द्र सिंह एवं प्रधानाचार्य प्रतिनिधि के रूप में सर्जन डा. विशाल जैन विशेष रूप से उपस्थित रहे। नवजात शिशु के आगमन पर नौहर कलां परिवार कपूर सिंह झां ठेकेदार के परिवार में खुशी का माहौल है। परिवार ने बताया कि इस शिशु के जन्म के साथ परिवार की चौथी पीढ़ी का शुभारंभ हुआ है। इस अवसर पर आशा जमुना प्रसाद एवं विजय कुमार झां भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में ट्रस्ट की ओर से काउंसलर वंदना मेहता, गीता मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य धनंजय यादव, वित्तीय पर्यवेक्षक जे.पी. यादव, उपाध्यक्ष अनिल साहू, अधिवक्ता आशीष साहू, अधिवक्ता राजेश शर्मा, मीडिया प्रभारी अमित लखेरा तथा देवेन्द्र साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अंकुर सानू बाबा ने किया। ट्रस्ट के इस सम्मान समारोह को स्वास्थ्य कर्मियों का मनोबल बढ़ाने और उत्कृष्ट सेवाओं को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक सराहनीय पहल माना जा रहा है।

दैनिक जागरण

# सेवा और समर्पण को सलाम : जिला महिला चिकित्सालय की नाइट वॉरियर्स सम्मानित

**ललितपुर ब्यूरो** : सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं को अक्सर आलोचनाओं की नजर से देखा जाता है, लेकिन ललितपुर के जिला महिला चिकित्सालय की एक समर्पित टीम ने अपनी कुशलता और मानवीय संवेदनाओं से इस धारणा को पूरी तरह बदल दिया है। अस्पताल की स्थापना के बाद यह पहला मौका है, जब किसी सफल प्रसव के लिए पूरी नाइट ड्यूटि टीम को सार्वजनिक रूप से सम्मानित किया गया है।

मामला 3 जून 2026 की भोर का है, जब नेहा झाँ पत्नी देवांशु झाँ को प्रसव पीड़ा के साथ अस्पताल लाया गया। स्थिति काफी जटिल थी, लेकिन ड्यूटि पर तैनात 10 सदस्यीय टीम ने न केवल धैर्य बनाए रखा, बल्कि अपनी चिकित्सकीय निपुणता का परिचय देते हुए सफल नॉर्मल डिलिवरि कराई। अब माँ और नवजात दोनों पूरी तरह स्वस्थ हैं, सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा में उत्कृष्ट उदाहरण करार देने वाली टीम का हौसला बढ़ाने के लिए शान्ति देहदान चैरिटेबल ट्रस्ट आगे आई। चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों के प्रति लोगों का नजरिया सकारात्मक हो, इस उद्देश्य से ट्रस्ट ने पूरी टीम को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। ट्रस्ट के संस्थापक खुशाल चन्द्र साहू ने कहा कि सरकारी तन्त्र में भी ऐसे रत्न मौजूद हैं, जो बिना किसी शोर के मानवता की सेवा कर रहे हैं। इनका सम्मान समाज के लिए एक प्रेरणा है।

## इन योद्धाओं को मिला सम्मान

सम्मानित होने वाली टीम में डॉ. ऐमी जेआर, स्टाफ नर्स नीतू, टेरेसा, मंजू, उर्मिला, रेशमा, मुन्नी देवी, बेबी, राजेन्द्र कुमार तथा आशा कार्यकर्ता सरिता शामिल रहीं। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. गजेन्द्र सिंह और सर्जन डॉ. विशाल जैन की उपस्थिति में हुए इस आयोजन ने अस्पताल के माहौल में एक नई ऊर्जा का संचार किया है।

## चौथी पीढ़ी का हुआ आगमन

इस सफल प्रसव ने कपूर सिंह झाँ के परिवार में खुशियों की सौगात दी है। परिवार के लिए यह विशेष क्षण इसलिए भी है, क्योंकि इस नन्हें मेहमान के साथ उनके परिवार की चौथी पीढ़ी का शुभारंभ हुआ है। अंकुर जैन सानू बाबा के संचालन में हुए इस कार्यक्रम में ट्रस्ट के पदाधिकारियों और नगर के गणमान्य नागरिकों ने बढ़-चढ़चढ़ हिस्सा लिया।